# भूगोल (316)
# Geography (316)
## शिक्षक अंकित मूल्यांकन पत्र
## Tutor Marked Assignment

कुल अंक : 20
**Total Marks : 20**

टिप्पणी : (i) सभी प्रश्नों के उत्तर देने अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिये गए हैं।
**Note:** All questions are compulsory. The Marks allotted for each question are given beside the questions.

(ii) उत्तर पुस्तिका के प्रथम पृष्ठ पर ऊपर की ओर अपना, नामांकन संख्या, अध्ययन केंद्र का नाम ओर विषय स्पष्ट शब्दों में लिखिए।
Write your name, enrollment numbers, AI name and subject on the first page of the answer sheet.

1. निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 40-60 शब्दों में दीजिए। 2
**Answer any one of the following questions in about 40- 60 words.**

(a) 'भूकंप बहुत विनाशकारी होते हैं।' अपने मत के पक्ष में कोई दो तर्क दीजिए।
(पाठ 2 देखें)
'Earthquakes are very disastrous.' Give any two reasons in support of your view.
(See Lesson-2)

(b) आपके क्षेत्र में पाए जाने वाली भूवैज्ञानिक कारकों से निर्मित किन्ही दो प्रकार की भू-आकृतियों की पहचान कीजिए। किसी भी एक भू-आकृति के निर्माण पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।
(पाठ 4 देखें)
Identify any two types of landforms made by any geological agents found in your area. Write a brief note on the formation of any one landform. (See Lesson-4)

2. निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 40-60 शब्दों में दीजिए। 2
**Answer any one of the following questions in about 40-60 words.**

(a) कल्पना कीजिए कि यदि ओज़ोन गैस वातावरण से लुप्त हो जाए तो लोग किस प्रकार के दुष्परिणाम का अनुभव करेंगे? कोई दो बिन्दु बताइए। (पाठ 6 देखें)
Imagine if Ozone gas disappeared from the atmosphere, then what kind of consequences will people experience? Give any two points. (See Lesson-6)

(b) अपने अनुभव के आधार पर आप अपने क्षेत्र में वर्षा के मौसमी वितरण पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।
(पाठ 8 देखें)
On the basis of your observation, write a short note on the seasonal distribution of rain in your area? (See Lesson – 8)

3. निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 40-60 शब्दों में दीजिए। 2
**Answer any one of the following questions in about 40-60 words.**

(a) अपने क्षेत्र में आने वाली किसी एक आपदा की पहचान कीजिए। इसके आने के समय इससे बचने के लिए कोई दो सुरक्षा उपाय सुझाइए। (पाठ 13 देखिए)
Identify any one disaster occurring most in your area. Suggest any two safety measures to be adopted during its occurrence. (See Lesson 13)

(b) विशेषताओं के आधार पर अपने क्षेत्र में पाई जाने वाली प्रमुख मृदा की पहचान कीजिए। आपके क्षेत्र में इस मृदा में उगाई जाने वाली किन्ही दो प्रमुख फसलों के नाम लिखिए। (देखें 14 पाठ)
On the basis of its feature, identify the dominant soil in your area. Mention any two crops grown in your area in this soil. (See Lesson 14)

**4. निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 100-150 शब्दों में दीजिए। 4**
**Answer any one of the following questions in about 100 -150 words.**

(a) किसी स्थान पर उद्योगों की स्थापना को निर्धारित करने वाले कारकों में से कौन से कारक आपके क्षेत्र में प्रभावी है? कोई चार बिंदु दीजिए। (पाठ 19 देखें)
'What factors are effective in your area from the factors of determining the location of industry? Give any four points. (See Lesson-19)

(b) 'उद्योगों को विकास और विशेषकर आर्थिक विकास का आधार माना जाता है।' कोई चार तर्क देकर इस कथन की पुष्टि कीजिए। (पाठ 19 देखें)
'Industries are considered as the backbone of development especially, economic development.' Justify the statement by giving any four arguments. (See Lesson- 19)

**5. निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 100-150 शब्दों में दीजिए। 4**
Answer any one of the following questions in about 100 -150 words.

(a) अपने क्षेत्र में जनसंख्या के वितरण को प्रभावित करने वाले किन्ही चार कारकों का विश्लेषण कीजिए। (पाठ 21 देखें)
Analyse any four factors affecting the distribution of population in your area. (See Lesson-21)

(b) अपने आस – पड़ोस में स्वच्छता के लिए चलाई जा रही किसी एक शासकीय सरकारी पहल की पहचान कीजिए। अपने परीक्षण के आधार पर इस पहल के किन्ही चार प्रभावों को लिखिए। (पाठ 25 देखें)
Identify any one government's initiative for sanitation being implemented in your neighbourhood. Write any four impacts of the initiative you observe. (See Lesson-25)

**6. नीचे दी गई परियोजनाओं में से कोई एक परियोजना तैयार कीजिए। 6**
**Prepare any one project out of the given below:**

(a) अपने आस-पड़ोस के पाँच परिवारों के ऐसे बुजुर्गों से चर्चा कीजिए जो कि या तो खेती करते हैं या इससे जुड़े हुए हैं। आपके क्षेत्र में कृषि आधारित उद्योगों के स्थानीयकरण पर किन कारकों का प्रभाव पड़ा है। जो परिणाम प्राप्त हो उनके आधार पर प्रतिवेदन तैयार कीजिए। (पाठ-19 देखें)

Discuss with the elders of five families in your neighbourhood which are practicing agriculture or associated with it. What factors have influenced the localization of Agro-based Industry is your area. On the basis of your findings, prepare a report.

(See Lesson-19)

(b) स्वच्छ पेयजल तथा शौचालय की उपलब्धता का पता लगाने के लिए दिए गए प्रारूप में कम से कम 10 परिवारों का एक सर्वेक्षण कीजिए।

Conduct a survey of atleast 10 households in the given format to find out the availability of clean drinkable water and toilets.

| परिवार **Family** | साफ पेयजल की उपलब्धता **Availability of clean drinkable water** | | | शौचालय की उपलब्धता **Availability of toilets** | |
|---|---|---|---|---|---|
| | जल का स्रोत **Source of Water** | क्या यह स्वच्छ है? **Is it clean?** | | हाँ/ **Yes** | नहीं/ **No** |
| | | हाँ/ **Yes** | नहीं/ **No** | | |
| 1 | | | | | |
| 2 | | | | | |
| 3 | | | | | |
| | | | | | |

प्राप्त परिणाम के आधार पर अपने क्षेत्र में स्वास्थ्य और स्वच्छता की स्थिति पर एक प्रतिवेदन तैयार कीजिए। आगे और भी ज्यादा सुधार हेतु कोई दो उपाय सुझाइए। (पाठ 25 देखें)

On the basis of your finding prepare a report on the condition of health and sanitation of your area. Suggest any two ways also for further improvement. (See Lesson-25)